# लॉकडाउन में बेहतर दायित्व निभा रही 'प्रदान'

**सोनुआ.** प्रखंड के विभिन्न गांवों में जाकर प्रदान संस्था व पोड़ाहाट महिला महासंघ द्वारा ग्रामीणों के बीच मास्क और सैनिटाइजर का वितरण किया जा रहा है. मंगलवार को प्रदान संस्था व पोड़ाहाट महिला महासंघ की ओर से



ग्रामीणों को कोरोना से बचने के लिए जागरूक किया गया. इस दौरान ग्रामीणों को साबुन से हाथ धोने, सोशल डिस्टेंसिंग का पालन करने आदि की जानकारी दी गयी. मंगलवार को चांदनी चौक स्थित ग्राहक सेवा केंद्र में बगैर मास्क के ग्रामीणों के कतार में खड़े देख संस्था के सदस्य रूपेश प्रधान ने लोगों को मास्क देते हुए सोशल डिस्टेंसिंग के बारे में बताया. इसके अलावा संस्था द्वारा सोनुआ प्रखंड कार्यालय के कर्मचारियों के बीच भी मास्क व सैनिटाइजर का वितरण किया. इस मौके पर संस्था के संदीप प्रधान, रूपेश प्रधान, मनोज नायक, गोवर्द्धन सुरीन, जगरनाथ माझी, बिलसी डांगिल, मार्कण्डेय महतो, पायल घोष, निशु निशांत उपस्थित थे.